समाचार
अंबेडकर जयंती समारोह मे शामिल हुई महापौर

कोरबा 14 अप्रैल 2015 — महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज बालकोनगर में आयोजित डॉ. अंबेडकर जयंती समारोह में शिरकत प्रदान की, उन्होने संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा बाबा साहेब के महान कार्यो को याद किया।

संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर सेक्टर—05 बालकोनगर स्थित अंबेडकर भवन में जयंती समारोह का आयोजन किया गया था। समारोह की मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति प्रदान की। इस मौके पर उन्होने डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ कराया। कार्यक्रम के दौरान अपने उद्बोधन में महापौर श्रीमती अग्रवाल ने कहा कि भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतमाता के महान सपूत थे। उनकी विद्वता, उनकी सोच एवं उनकी विचारधारा ने भारत देश को एकसूत्र में जोड़े रखने तथा देश को सही दिशा में ले जाने के कार्य में अहम भूमिका निभाई थी। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने कहा कि निश्चित रूप से डॉ. अंबेडकर जी के महान योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता है, अस्पृश्यता के निवारण एवं छुआछूत जैसी सामाजिक बीमारी से मुक्ति देने में डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।

कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य दिनेश सोनी, पार्षद हितानंद अग्रवाल, कांग्रेस नेत्री संगीता सक्सेना, सपना चौहान, मंगल बुधिया आदि के साथ काफी संख्या में आमनागरिकगण उपस्थित थे।